<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

आज दिनांक 22–01–2020 को अग्रवाल महाविद्यालय के सभागार में एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन दीपशिखा प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री कश्मीरी लाल, अखिल भारतीय संगठक, स्वदेशी जागरण मंच एवं श्री सतेन्द्र सोरौत, प्रांत संयोजक पधारे। श्रीमती कमल टंडन ने सभी वक्ताओं का स्वागत किया। व्याख्यान का विषय "विकास कि अवधारणा" रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी की सत् प्रेरणा से विद्यार्थियों के विकास हेतु बौद्धिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है इसी कड़ी में इस व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता श्री कश्मीरी लाल ने मानसिक भावनात्मक, सामाजिक, बौद्धिक आदि विकासों का संस्कृति और शिक्षा में योगदान से विद्यार्थियों को परिचित करवाया। उन्होंने यह भी बताया कि विकास में वे सभी परिवर्तन शामिल हैं जो जीवन भर चलते हैं, यह एक जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है जो जन्म से मृत्यु तक अपने विकास के लिए वही व्यक्ति जिम्मेदारी ले सकता है जिसमें आत्मबल हो, संकल्प व निर्णय लेने की शक्ति हो क्योंकि विकास के बिना वृद्धि का कोई अर्थ नहीं है। इस अवसर पर हिन्दी विभाग से डॉ. अशोक कुमार निराला, वाणिज्य विभागाध्यक्षा डॉ. शोभना गोयल, डॉ. डिम्पल, श्रीमती पूजा, श्रीमती प्रतिज्ञा, श्रीमती प्रीति अग्रवाल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बी.कॉम तृतीय वर्ष के 150 विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में विद्यार्थियों ने जीवन व विकास उद्देश्य से जुडे अनेक प्रश्न पूछे जिनका मुख्य वक्ता ने भली भांति समाधान प्रस्तुत किए।